# कोरोना संक्रमण तेज विशेष सफाई सेनेटाइजेशन व फागिंग के निर्देश



सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती सेनेटाइजेशन का निरीक्षण करती हुई।

**शाहजहांपुर (एसएनबी)।** कोविड -19 के संक्रमण का प्रभाव नगर में काफी तेजी से फैल रहा है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये जनमानस की सुविधा हेतु नगर में नियमित रुप से सफाई व्यवस्था, सेनेटाइजेशन फागिंग एवं एंण्टीलारवा का छिड़काव किये जाने हेतु विषेश निर्देश दिये। नगर निगम क्षेत्र में बने कन्टेनमेंट जोनो में जोनवार सफाई कार्य एवं सेनेटाइजेशन कार्य के साथ-साथ फागिंग एवं एंण्टीलार्वा का छिड़काव का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र, के अन्तर्गत कोविड-19 के संक्रमण से जनमानस को सुरक्षित किये जाने के क्रम में आज मेहमानशाह,रोशनगंज, में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया।

इस अभियान के दौरान लगभग 5 हजार भवनो 500 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 5 मुख्य बाजारो एवं आबादी वाले में क्षेत्रों सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

नगर आयुक्त श्री शर्मा के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता ने नगर क्षेत्र के मोहल्ला-रोशनगंज, दीवान जोगराज एवं हनुमतधाम रोड पर व्यापक स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता ने अपनी देख-रेख में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया।

इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती ने नगर के मोहल्ला मेहमानशाह, जियाखेल, बाल्मीकि बस्ती में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त रष्मि भारती के साथ सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।